THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"

AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

QUESTION BANK -GRADE 8

पाठ -1 ध्वनि

1. अभी किसका अंत न होगा?

(i) वसंत का
(ii) कवि के जीवन का
(iii) प्रभाव का
(iv) कलियों का

2. मेरे वन में मृदुल वसंत' का क्या आशय है ?

(i) मेरे वन में मृदुल वसंत का मौसम है
(ii) वन में मृदुल वसंत की तरह मेरे जीवन में भी नई-नई आशाओं का संचार हुआ है
(iii) वसंत का मौसम केवल वन में आता है
(iv) वसंत का मौसम केवल एक बार आता है

3. अप्रिय ध्वनि को कहते हैं?

(i) संगीत
(ii) शोर
(iii) बल
(iv) इनमें कोई नहीं

4. कलियाँ' किसका प्रतीक हैं?

(i) नवयुवकों का
(ii) फूलों का
(iii) वसंत का
(iv) प्रातः काल का

5. निद्रित कलियों' से क्या तात्पर्य है ?

(i) वह युवा वर्ग, जो अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत नहीं है
(ii) सोई हुई कलियाँ
(iii) मुरझाई हुई कलियाँ
(iv) बेहोश कलियाँ

6. इनमें किसके आवाज की आवृति सबसे अधिक है?

(i) छोटी बच्ची की
(ii) छोटे बालक की
(iii) महिला की
(iv) पुरुष की

7. कवि पुष्यों को सहर्ष किससे सींचना चाहता है?

(i) नवजीवन के अमृत से
(ii) नवजीवन के जल से
(iii) नवजीवन की वर्षा से
(iv) इनमें से कोई नहीं

8. प्रत्येक पुष्प का आलस्य दूर करने के बाद कवि क्या करेगा ?

(i) उसे नए जीवन के अमृत से भी सींच देगा ताकि उसमें नया जोश भर जाए
(ii) आराम करेगा
(iii) अपना प्रचार करेगा
(iv) उपवन का घास दूर करेगा

9. हमें कोई ध्वनि सुनाई देती है इसका कारण है?

(i) परावर्तन
(ii) घर्षण
(iii) कंपन
(iv) प्रकाश

10. कवि खिले फूलों को कहाँ का द्वार दिखाना चाहता है?

(i) उपवन का
(ii) विद्यालय का

(iii) अनंत का
(iv) उद्यान का

11. कवि कौन-सा द्वार दिखाने की बात करता है ?

(i) मुख्य द्वार
(ii) अमरता का द्वार
(iii) अनजाना द्वार
(iv) सिंह द्वार

12. ध्वनि' कविता के रचयिता निम्नलिखित में से कौन हैं?

(i) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(ii) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(iii) रामचंद्र तिवारी
(iv) प्रभुनारायण

13. 'तन्द्रालस' का सन्धि-विच्छेद है

(i) तन्द्रा + लस
(ii) तन्द्र + अलस
(iii) तन्द्र + अलस
(iv) तन्द्रा + आलस

शब्दार्थ

a) मृदुल - __________
b) पात - __________
c) गात - __________
d) निद्रित - __________
e) प्रत्यूष - __________
f) तंद्रालस - __________
g) लालसा - __________

Answers

a) कोमल

b) पत्ता
c) शरीर
d) सोया हुआ
e) प्रातः काल
f) नींद से अलसाया हुआ
g) कुछ पाने की चाह , अभिलाषा , इच्छा

पर्यायवाची शब्द

a) अमृत = ____________ , ____________
b) प्रत्यूष = ____________ , ____________
c) वन = ____________ , ____________
d) पत्ता = ____________ , ____________
e) हाथ = ____________ , ____________
f) डाल = ____________ , ____________

Answers

a) सुधा , पीयूष
b) उषा , सवेरा , प्रभात
c) जंगल , कानन , विपिन
d) पात , पत्र , पल्लव
e) कर , हस्त
f) शाखा , टहनी

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL

विलोम शब्द

a) अंत X ____________
b) अपना X ____________
c) अमृत X ____________
d) मृत्यु X ____________
e) मृदुल X ____________

Answers

a) आरंभ
b) पराया
c) विष
d) जन्म
e) कठोर

प्रश्नोत्तर

1. **कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?**
   उत्तर: कवि को विश्वास है कि उसका अंत अभी नही होगा क्योंकि अभी उसके मन के उपवन में वसंत का आगमन हुआ हैं। अर्थात अभी-अभी उसके मन में नया जोश व उमंग आयी हैं, उसका मन उत्साह से भरा हुआ हैं। उसे अभी युवकों को उत्साहित करना हैं तथा उन्हें आलस्य से उबारना हैं।

2. **फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है?**

उत्तर: फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि निम्नलिखित प्रयास करता है जैसे -

- वह नन्ही कलियों को खिला हुआ फूल बनाना चाहता हैं।
- वह फूलों से आलस्य व निंद्रा हटाकर उन्हें चुस्त व खिला-खिला बनाना चाहता हैं।

3. **कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है?**

उत्तर: पुष्पों की तंद्रा और आलस्य को दूर हटाने के लिए कवि निम्न प्रयास करना चाहता है -

- वह फूलों के ऊपर कोमल हाथ फेरकर उन्हें निंद्रा से जगाना चाहता हैं।
- वह फूलों को चुस्त तथा प्राणवान बनाना चाहता हैं।
- वह फूलों को आभामय और पुष्पित करना चाहता है।

VILLAGE SCHOOL

4. वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है? आपस में चर्चा कीजिए।

उत्तर: वसंत ऋतु को ऋतुराज इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह समस्त ऋतुयों का राजा हैं। अर्थात वसंत ऋतु में प्रकृति अपनी युवा अवस्था में होती हैं। वसंत ऋतु में मौसम भी अच्छा हो जाता हैं, न ही गर्मी और न ही सर्दी। वसंत ऋतु में पेड़ों में नए पत्तों का आगमन शुरू हो जाता हैं। सभी पेड़ नए-नए पत्तों से लद जाते हैं। आम के पेड़ों में बोर आने लगता हैं। खेतों में सरसों का पीला रंग भर जाता हैं जो कि देखने में सोने के जैसा लगता हैं। इस समय कोयल भी अपने पूरे स्वरों में गाती हैं। इस ऋतु में सब कुछ एकदम नया-नया लगता हैं, प्रकृति की एक अलग छवि दिखती हैं।

THE VILLAGE INTERNATIONAL SCHOOL